भारत सरकार

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 618

जिसका उत्तर 06 दिसम्बर, 2023 को दिया जाना है ।

15 अग्रहायण, 1945 (शक)

एसएएमआरआईडीएच

618. श्री ई.टी. मोहम्मद बशीर:

क्या इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने उत्पाद नवोन्मेषण, विकास और वृद्धि के लिए स्टार्टअप एक्सेलेरेटर कार्यक्रम (एसएएमआरआईडीएच) शुरू किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार इस योजना के अंतर्गत उपलब्धि के स्तर की निगरानी कर रही है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या?

उत्तर

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (श्री राजीव चंद्रशेखर)

(क) जी, हां। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) ने डीप टेक उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए देश में प्रौद्योगिकी के नेतृत्व वाले स्टार्टअप नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न पहल और उपाय किए हैं। उत्पाद नवाचार, विकास और वृद्धि (समृद्ध) कार्यक्रम के लिए एमईआईटीवाई का स्टार्टअप एक्सेलेरेटर को अगस्त 2021 में लॉन्च किया गया था ताकि अपने उत्पादों में सुधार करने और अपने व्यवसाय को बढ़ाने के लिए निवेश सुरक्षित करने के प्रयोजन से भारतीय स्टार्टअप के लिए एक अनुकूल मंच बनाया जा सके।

(ख) समृद्ध कार्यक्रम का उद्देश्य मौजूदा और आगामी एक्सेलेरेटरों के माध्यम से लगभग 300 स्टार्टअप्स (5-10 स्टार्टअप्स का समूह आकार) में तेजी लाना है।

(ग) जी, हां। सरकार योजना प्रबंधन समिति (एसएमसी) और एमईआईटीवाई स्टार्टअप हब विशेषज्ञ समिति (एमएसएच-ईसी) के माध्यम से इस योजना के अंतर्गत उपलब्धियों के स्तर की लगातार निगरानी कर रही है।

(घ) समूह के पहले दौर में, 12 राज्यों में फैले 22 संभावित एक्सेलेरेटरों को चिह्नित किया गया है और 175 स्टार्टअप्स में तेजी लाने के अधिदेश के साथ उन्हें सहायता प्रदान की गई है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत वर्तमान में सहायता प्रदान किए जा रहे प्रति समूह स्टार्टअप की संख्या सहित 22 एक्सेलेरेटरों का ब्यौरा अनुबंध -I में दिया गया है।

******

अनुबंध -I

क्र.सं.	एक्सेलेरेटर का नाम	राज्य	स्टार्टअप का आबंटित कोहोर्ट आकार
1.	आईआईएम कलकत्ता इनोवेशन पार्क	पश्चिम बंगाल	10
2.	केआईआईटी-टेक्नोलॉजी बिजनेस इनक्यूबेटर	ओडिशा	10
3.	फाउंडेशन फ़ॉर इनोवेशन एंड टेक्नोलोजी ट्रांसफर (एफआईटीटी)	दिल्ली	10
4.	जी ए आई एन - ग्लोबल एक्सीलेटर फॉर इनोवेशन नेटवर्क	कर्नाटक	10
5.	एमिटी इनोवेशन इनक्यूबेटर	उत्तर प्रदेश	8
6.	अटल इनक्यूबेशन सेंटर - बिमटेक	उत्तर प्रदेश	8
7.	इंडीग्राम लैब्स फाउंडेशन	दिल्ली	8
8.	इंडिया एक्सेलेरेटर	दिल्ली	8
9.	लेट्स वेंचर फाउंडेशन	पैन इंडिया प्लेटफॉर्म	8
10.	एसपीआर स्किल एजुकेशन/पेड अप वेंचर्स	हरियाणा	8
11.	अमृता टेक्नोलॉजी बिजनेस इनक्यूबेटर	कर्नाटक	8
12.	सी-कैंप, बैंगलोर	कर्नाटक	8
13.	मेकर विलेज	केरल	8
14.	सीआईई-आईआईआईटी हैदराबाद	तेलंगाना	8
15	टी-हब फाउंडेशन	तेलंगाना	8
16.	हॉर्स स्टेबल	पैन इंडिया प्लेटफॉर्म	8
17.	कोयम्बटूर इनोवेशन एंड बिजनेस इनक्यूबेटर - फोर्ज	तमिलनाडु	8
18.	वेंचर सेंटर	महाराष्ट्र	8
19.	एआईसी जीआईएम फाउंडेशन	गोवा	8
20.	क्रिसेंट इनोवेशन एंड इनक्यूबेशन काउंसिल (सीआईआईसी)	तमिलनाडु	5
21.	गुजरात विश्वविद्यालय स्टार्टअप और उद्यमिता परिषद (जीयूएसईसी)	गुजरात	5
22.	जोन स्टार्टअप्स इंडिया	महाराष्ट्र	5
कुल			175

****